Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# चित्रकला के संरक्षण के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास: महाराज

**सम्मान**

## कार्यशाला एवं प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को संस्कृति मंत्री ने किया सम्मानित

**संवाददाता**

देहरादून। हमें अपनी संस्कृति के साथ साथ कला के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वैश्विक स्तर पर उसे पहचान दिलाने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। उक्त बात प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को कला एवं संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में हाऊस ऑफ आर्कियोलाजिकल एण्ड आरकाईवल मैटैरियल कलेक्शन ट्रस्ट एवं पुराना दरबार टिहरी द्वारा विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर चित्रकला से जुड़े कलाकारों को संबोधित करते हुए कही।

उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और चित्रकला के संरक्षण के संकल्प को पूरा करने में दिन रात लगे कलाकारों को सम्मानित करते हुए



प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि हम जो भी कार्य करें उसका एक संकल्प होना चाहिए तभी हमें सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां बहुत सी प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यतायें जिन्हें निकालने की आवश्यकता है। उत्तराखंड की चित्रकला का व्यापक प्रचार–प्रसार होना चाहिए तभी हम उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। यहां की चित्रकला मोलाराम की कविताओं में भी स्पष्ट झलकती है। उत्तराखंड की चित्रकला अन्य किसी भी जगह से कम नहीं है। संस्कृति मंत्री श्री महाराज इस दौरान प्रेक्षा ग्रह परिसर में आरकाईवल मैटैरियल कलेक्शन प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ–साथ चित्रकला और इससे जुड़े कलाकारों को भी सम्मानित किया।

उन्होंने धातु, पत्थर, काष्ट, मेटल और कास्टिंग पर आधारित वस्तुओं को बनाने वाले कलाकारों, अंशु मोहन, पुरातात्विक वस्तुओं पर काम करने वाले राममोहन कंडवाल, मोहरा और पुराने सिक्कों की भांति आकृतियां उकेरने वाले जसवीर, रामायण और पांडव नृत्य के रचयिता आचार्य कृष्णानंद नौटियाल, के.एस. रावत, कार्यशाला की प्रशिक्षक तनुश्री मिश्रा, डॉ हरिओम शंकर, रविंद्र बडियाल, डॉक्टर मेहरबान सिंह गुसाईं, ठाकुर भवानी, रेनू शुक्ला, देवेंद्र सिंह के साथ–साथ संस्कार भारती के प्रांत कोषाध्यक्ष बलदेव प्रसाद को भी आयोजन में सहयोग के लिए अलंकरण से सम्मानित किया।

अलंकरण एवं सम्मान समारोह में कैंट विधायक सविता कपूर सहित संस्कृति विभाग के अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा चित्रकला से जुडी कन्या गुरुकुल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित भी उपस्थित थी।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या से मुलाकात कर चम्पावत विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उत्तराखण्ड से मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत कार्यक्रम की तस्वीरें हटाये जाने की मांग की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं चम्पावत विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिनांक 15 मई, 2022 को नैनीताल जनपद के कैंचीधाम नामक तीर्थ स्थल पर पूजा दर्शन का कार्यक्रम किया।

### नॉन–आईपी ग्रेड आईएसओ प्रोपील एल्कोहल के उपयोग से उपभोक्ताओं को जोखिम

**संवाददाता** हरिद्वार । इंडियन फार्मा इंडस्ट्री द्वारा फार्मा दवाओं के उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले आइसो प्रोपील एल्कोहल का 88 प्रतिशत नॉन–आईपी (इंडियन फार्माकोपिया) ग्रेड रहता है। इस वजह से भारतीय उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य तथा भलाई और इंडियन फार्मा इंडस्ट्री की प्रतिष्ठा खतरे मे है। रेगुलेटरी (नियामक) एक्सपर्ट विजयकुमार सिंघवी महाराष्ट्र सरकार में फडीए में टेक्नीकल ऑफिसर रह चुके हैं। उनके अनुसार, दवा और कॉस्मेटिक अधिनियम की दूसरी अनुसूची की धारा 16 में फार्मा एप्लीकेशन के लिए आईपी स्पेक्स के उपयोग को अनिवार्य किया गया है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि फार्मा इंडस्ट्री में उपभोग किए जाने वाले अधिकांश आईपीए को नॉन–आईपी ग्रेड के रूप में खरीदा जाता है।

### एमेजॉन ने 11.6 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया

**संवाददाता** देहरादून। एमेजॉन इंडिया ने आज भारत के लिए अपने मुख्य संकल्पों की प्रगति साझा करते हुए घोषणा की कि एमेजॉन ने आज तक भारत में 11.6 लाख (1.16 मिलियन) प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया है, संचित रूप से लगभग 5 बिलियन डॉलर का निर्यात संभव बनाया है और 40 लाख (4 मिलियन) से ज्यादा एमएसएमई को डिजिटाईज किया है। जनवरी 2020 में इसके वार्षिक कार्यक्रम, एमेजॉन संभव के पहले संस्करण में, कंपनी ने भारत में साल 2025 तक 1 करोड़ (10 मिलियन) एमएसएमई को डिजिटाईज करने, संचित रूप से 10 बिलियन डॉलर का निर्यात संभव बनाने और 20 लाख (2 मिलियन) नौकरियों का सृजन करने का संकल्प लिया था।

# यात्रा मार्ग के व्यापारियों की समस्या को समझे सरकार: यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने भाजपा सरकार से मांग की है कि वह चारधाम यात्रा मार्ग पर विभिन्न अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक करें और सामंजस्य बिठाये।

उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों और ढलान को देखते हुए सरकार को खुद ही खाने पीने की चीजों के अधिकतम रेट तय कर देनी चाहिए, ताकि किसी तरह की विवाद की गुंजाइश न रहे।

यूकेडी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल कहा कि बढ़े हुए दाम पर सामान बेचने पर व्यापारियों को जेल भेजने की धमकी देना सरासर गलत है। सरकार को चाहिए कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने के बजाए चार धाम यात्रा में चौतरफा फैली अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करें।

यूकेडी नेता सेमवाल ने इसके अलावा सुझाव दिया कि यात्रा को केवल एसडीआरएफ एनडीआरएफ और आईटीबीपी जैसी पुलिसिंग के भरोसे ना छोड़ कर इस रूट पर मजिस्ट्रियल अधिकारियों की भी संख्या बढ़ाएं।

यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक 41 श्रद्धालुओं की मौत पर भी आक्रोश व्यक्त करते हुए यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि अनर्गल बयानबाजी के बजाय यातायात और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर फोकस करना चाहिए, वरना बिगड़ी हुई परिस्थितियों के कारण पूरे देश में उत्तराखंड की छवि को नुकसान पहुंचेगा।



## तहसील दिवस का किया गया आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। तहसील परिसर पुरोला में मंगलवार को उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तो पहुंचे पर फरियादियों की संख्या बहुत ही कम रही। फरियादियों की संख्या कम होने पर जनप्रतिनिधियों ने तहसील दिवस का व्यापक प्रचार प्रसार का न होना बताया। मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में नगर पंचायत, सिचाई विभाग, विद्युत विभाग, पीडब्लूडी, पीएमजेएसवाई,सहित अन्य विभागों की कुल 9 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमे से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# नियमित बस सेवा न मिल पाना बना चिंता का विषय

**संवाददाता** पिथौरागढ़। दिल्ली धरमधर रोडवेज बस सेवा का धरमधर क्षेत्र की जनता को नियमित लाभ नही मिल पा रहा है। वही ऐसे में बीस हजार की आबादी को परेशानी से दो चार होना पड रहा है। जानकारी के मुताबिक सीमांत जनपद से रोडवेज की बस धरमधर के लिए नियमित संचालित किये जाने के दावे संबधित रोडवेज महकमा कर रहा है। मगर हालात परे है।

धरमधर से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दो माह से धरमधर क्षेत्र की जनता को रोडवेज के सीमांत क्षेत्र में आने की जानकारी तक नही मिल पा रही है। बता दें कि धरमधर क्षेत्र



के कराला , लोहाथल ,दशोली , संगोंड , पाखू ,कोटमन्या , प्रेमनगर सहित तमाम गांव की जनता रोडवेज महमें की दावों पर सवाल कर रही है। सीमांत क्षेत्रकी जनता के लिए मात्र केवल एक ही बस तो संबधित रोड्वेज महकमा दे पाया था मगर ये इंतजाम भी ना गवारां साबित हो रहे है।

वहीं ऐसे में क्षेत्र की जनता को राजधानी तक का सफर तय करने में महज रोडवेज निगम के दावों पर आश्रित रहने को मजबूर होना पड रहा है। इस बारे में रोडवेज निगम के एआरम आर के आर्या ने कहा है कि उनके संज्ञान में यह मामला आ चुका है।

क्षेत्र में रोडवेज सेवा के न जाने के विषय में मेरे द्वारा कडी कारवाही करने के प्रयास किये जा रहे है। जल्द ही व्यवस्था पटरी पर आ जायेगी।

## पत्रकार अपनी भूमिका समाज के उत्थान के लिए तय करें: स्पीकर

**संवाददाता** देहरादून/हरिद्वार। हरिद्वार में विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रेस क्लब के सभागार में अयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह का शुभारंभ मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नारद जी जिस तरह से तीनों लोकों में घूम घूमकर समाचारों का प्रचार प्रसार करते थे, उनके द्वारा प्रदत्त समाचार कई बार अप्रिय होते हुए भी लोक कल्याणकारी होते थे, वे पत्रकारिता का आदर्श थे। पत्रकारों के लिये आदर्श स्थिति यही है कि वे निष्पक्ष भाव से देवर्षि नारद की तरह अपनी भूमिका समाज के उत्थान के लिए तय करें। प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित महानुभावों द्वारा उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष का गौरव प्राप्त होने पर ऋतु खंडूडी को शुभकामनाएं दी गई।